

## एक नजर में

### शिविर में 47 दिव्यांगजन, 5 वरिष्ठ नागरिकों परीक्षण कर आवश्यक उपकरण हेतु चिन्हित किया

**रतलाम।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सैलाना द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायत सैलाना में 24 जुलाई 2025 को सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग, जिला रतलाम के तत्वाधान में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक दिवसीय कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 47 दिव्यांगजन एवं 5 वरिष्ठ नागरिकों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया। परीक्षण के उपरांत चयनित लाभार्थियों को शीघ्र ही उपकरण वितरित किए जाएंगे। शिविर में एलिम्को उज्जैन से डॉ. जगदम्बा कुमार शुक्ला उपस्थित हुए एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, जिला रतलाम की संपूर्ण टीम के विषय विशेषज्ञ सर्वश्री आकाश पथरोड, कैलाश पटेल, हितेश गायकवाड, श्रवण कुमार उपस्थित रहे। शिविर के सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन, जनपद पंचायत सैलाना एवं सामाजिक न्याय विभाग का सराहनीय योगदान रहा। यह शिविर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। शिविर में लोकोमोटिव डिस्बेलिटी के 41, मेंनटल रिटारडेशन 01, श्रवण बाधित 4, वरिष्ठ नागरिक 5, सेरेबल पाल्सि 1 श्रेणीयो के दिव्यांगजन परीक्षण हेतु उपस्थित हुए। उपस्थित सभी दिव्यांगजनो का टीम द्वारा परीक्षण किया गया। जिला चिकित्सालय रतलाम से दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरीत किये जायेगे।

### स्वास्थ्य विभाग के संभागीय अधिकारियों ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की



**रतलाम।** जिले में दस्तक अभियान का आयोजन 22 जुलाई से 16 सितंबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के संबंध में संभागीय संयुक्त संचालक उज्जैन डॉक्टर डीके तिवारी तथा उप संचालक टीकाकरण उज्जैन संभाग डॉ एस एस तिवारी द्वारा कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में संज्ञान लिया गया। सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर उन्होंने सीएमएचओ डॉक्टर संध्या बेलसरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वर्षा कुरील, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रमोद प्रजापति, जिला एम एंड ई अधिकारी सुश्री श्वेता बागड़ी तथा जिला सीपीएचसी सलाहकार लोकेश वैष्णव से कार्यक्रम की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यकता अनुसार संसाधन विटामिन ए का घोल ओ आर एस पैकेट सहित समस्त सामग्री की आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए आशा कार्यकर्ता और आशा सुपरवाइजर के कार्य मूल्यांकन के लिए निर्देशित किया।

### गुलाब चक्कर पर संगीत संध्या का हुआ आयोजन

**रतलाम।** शहर की पुरातात्विक धरोहर गुलाब चक्कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रही है। ऐतिहासिक महत्व का स्थल गुलाब चक्कर सन 1888 में महाराजा रणजीत सिंहजी के शासनकाल में बनवाया गया था।




इसका नामकरण राजा ने अपनी पुत्री गुलाब कंवर बा के नाम पर दर्ज कराया था। पिता पुत्री के स्नेह की मिसाल गुलाब चक्कर के रूप में स्थापित हुआ। चौराहे के बीचो-बीच एक गोल चक्कर था जहां पर गुलाब खिला करते थे। अंग्रेज इसे सर्कुलर गार्डन कहां करते थे। धीरे-धीरे यह केंद्र शहर की प्रशासनिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बना। समय के साथ इसकी चमक कम होती गई। किंतु वर्तमान कलेक्टर श्री राजेश बाथम के प्रयासों से एक बार फिर गुलाब चक्कर अपनी रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा रहा है। कलेक्टर राजेश बाथम और जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रतलाम के प्रयासों से यहां गीत संगीत के नित नए आयोजन हो रहे हैं। मंगलवार की शाम को स्वास्थ्य विभाग जिला रतलाम के आधिकारिक कर्मचारियों के द्वारा कार्यक्रम की संगीतमई प्रस्तुति दी गई। आयोजन के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर एम एस सागर, डॉ ए पी सिंह, श्रीमती सुदर्शना सिंह, डॉ गोपाल यादव, डॉ महेश मौर्य, अनिल परिहार, सुनील धनदौर, कैलाश यादव, डॉ जितेंद्र जायसवाल, देवेंद्र सिंह तोमर, भरत लिंबोदीया, राकेश कुमार बोरिया, रमेश सोलंकी, लोकेश वैष्णव, कुमारी अवनी उपाध्याय, विपिन शर्मा, विजय सोनी, विशाल वर्मा आदि ने अपनी संगीत में प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान सहायक परियोजना अधिकारी जिला शहरी एवं ग्रामीण विकास अभिकरण अरुण कुमार पाठक, रमेश सोनी पत्रकार, अनस बेलीम, शीला चौहान, सौरभ देवड़ा, दीपक उपाध्याय, सचिन वर्मा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# विकासखंड बाजना के संपूर्णता अभियान में सफलता पर कलेक्टर होंगे सम्मानित

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले के बाजना विकासखंड में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम योजना अंतर्गत संपूर्णता अभियान का संचालन 4 जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक किया गया। इस अभियान में नीति आयोग द्वारा निर्धारित कुल 6 प्रमुख संकेतकों पर सघन रूप से कार्य किया जाकर 5 संकेतक में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाकर सेचुरेशन की स्थिति प्राप्त की गई। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए कलेक्टर राजेश बाथम का राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मान किया जाएगा।

**5 संकेतक में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त...मिली सेचुरेशन की स्थिति**

स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत तीन संकेतकों पर कार्य किया गया। पहली तिमाही के भीतर (एएनसी) हेतु पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, लक्षित जनसंख्या (30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) की तुलना में मधुमेह की जांच करवाने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत, लक्षित जनसंख्या (30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) की तुलना में उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) की जांच करवाने



वाले व्यक्तियों का प्रतिशत पर कार्य किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, कृषि विभाग द्वारा मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य की तुलना में तैयार किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण का प्रतिशत, सामाजिक विकास विभाग (एनआरएलएम) स्वयं सहायता समूह को रिवॉल्विंग फंड प्राप्त होने का प्रतिशत के संकेतकों पर कार्य किया।

इसी सतत, समन्वित एवं केंद्रित प्रयास का प्रतिफल यह रहा कि प्रथम पाँच संकेतकों पहली तिमाही के भीतर एएनसी हेतु पंजीकरण, मधुमेह की जांच, उच्च रक्तचाप की जांच, पूरक पोषण प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया, जो विकासखंड बाजना की एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। साथ ही 6 वे संकेतक एनआरएलएम के अंतर्गत एसएचजी को रिवॉल्विंग फंड में भी 91.77 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई। यह सफलता स्थानीय प्रशासन, विभिन्न विभागों के समन्वय और समर्पित मैदानी अमले की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

**इन्होंने की मॉनिटरिंग**

अभियान के दौरान कलेक्टर राजेश बाथम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव, जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार एवं जनपद पंचायत बाजना सीईओ मनीष भंवर के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों यथा बीएमओ डॉ. हिमांशु राव, तत्कालीन सीडीपीओ (आईसीडीएस) अंकिता पंड्या तथा मैदानी अमले की नियमित समीक्षा, निरंतर निगरानी एवं मूल्यांकन किया गया। जिसमें एबी फेलो शीतल मानकर द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया।



## बाजार वसूली व्यवस्था को लेकर पूर्व गृमंत्री कोठारी नगर निगम पहुंचे, आयुक्त से मिले

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** बाजार शुल्क व्यवस्था को लेकर पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी गुरूवार दोपहर नगर निगम पहुंचे। उन्होंने प्रभारी नगर निगम आयुक्त अनिल भाना से मुलाकात की।

**आरोप :कर्मचारी मनमर्जी से रसीद काट अवैध वसूली कर रहे**

पूर्व मंत्री श्री कोठारी ने इस दौरान उन्होंने बाजार शुल्क व्यवस्था को बंद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चोहान ने सार्वजनिक मंच से इसकी घोषणा की थी, फिर भी गरीबों से रोजाना 100 रूपए की सरीद काटी जा रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम की दुकानों से तो महीनों में केवल 500 से 600 रूपए किराया लिया जा रहा है, लेकिन जो गरीब ठेले पर बैठक परिवार पालते है, उनसे 100 रूपए वसूले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा मनमर्जी से रसीदें काटकर अवैध वसूली की जा रही हैं। इस दौरान श्री कोठारी के साथ पूर्व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष अशोक चौटाला सहित अन्य नेता साथ थे।

## नये कलेक्टरोरेट परिसर में डाक विभाग ने शुरू किया आधार केंद्र, कलेक्टर ने किया शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** आमजन की अहर्निश सेवा में रत डाक विभाग ने न्यू कलेक्टोरेट परिसर रतलाम में स्थित तहसील कार्यालय के कक्ष क्रमांक 3 में आधार सेवाओं का विस्तारित पटल प्रारंभ किया है। गुरुवार को इस आधार केंद्र का शुभारंभ कलेक्टर रतलाम राजेश बाथम द्वारा पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार एवं एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। यह आधार केंद्र रविवार को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक कार्य करेगा। इस केंद्र पर नवजात से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक अपना आधार पंजीयन एवं अपडेशन करा सकेंगे।

इससे पूर्व विभाग शिवपुर में आधार केंद्र प्रारंभ किया था जिससे बड़ी संख्या में आमजन घर के नजदीक आधार सेवाएं प्राप्त कर रहे हैं और उन्हे रतलाम आना नहीं पड़ रहा है। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर रतलाम राजेश कुमावत, सहायक अधीक्षक पीआर मीणा, उपसंभागीय निरीक्षक संतोष महते, पोस्टमास्टर रतलाम कन्नु गहलोत एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। अधीक्षक डाकघर रतलाम राजेश कुमावत ने बताया कि निकट भविष्य में ग्रामीण अंचल में आधार केंद्रों के विस्तार की भी विभाग की योजना है।

**हजारों रहवासी होंगे लाभांवित**

इस केंद्र के शुरु होने से मिड टाउन, महू रोड़, कृषि मंडी, प्रताप नगर, आफिसर्स कॉलोनी, विक्रम नगर सहित क्षेत्र की लगभग 20 कॉलोनियों के हजारों रहवासी लाभान्वित होंगे। डाक विभाग का रतलाम जिले में यह दसवां आधार केंद्र होगा।

## धोखे से बेची पुरानी बाईक, शोरूम पर जुर्माना

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** शहर के एक होण्डा कंपनी शोरूम पर जिला उपभोक्ता आयोग ने जुर्माना की कार्रवाई की हैं। यह कार्रवाई उपभोक्ता द्वारा लगाए गए वाद पर की। उपभोक्ता को कंपनी द्वारा एक साल पुरानी होण्डा कंपनी की बाइक नई बताकर बेची गई।

**शिकायत पर उपभोक्ता आयोग ने किया जुर्माना**

एडवोकेट रोहित शर्मा के मुताबिक 9 अप्रैल 2024 को



मिथलेश राजपुरोहित ने रतलाम स्थित अंकलेसरिया ऑटो मोबाइल से 2024 मॉडल की होण्डा शाइन बाइक खरीदी थी। कंपनी ने 2024 के मॉडल का बीमा भी करवा कर दिया। लेकिन हकीकत तब सामने आई जब आरटीओ के रजिस्ट्रेशन कार्ड मिला। खरीदार ने आपत्ति जताई तो न सिर्फ बात टाली गई, बल्कि दुर्व्यवहार तक किया गया। अब जिला उपभोक्ता आयोग रतलाम ने इस धोखाधड़ी को सेवा में कमी मानते हुए अंकलेसरिया ऑटोमोबाइल को 11 हजार 490 रूपए हर्जाना देने का अदेश दिया हैं। उल्लेखनीय है कि अंकलेसरिया ऑटोमोबाइल्स रतलाम में होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर का एक अधिकृत डीलरशिप है। अंकलेसरिया होंडा, रतलाम में न्यू रोड पर स्थित है और होंडा दोपहिया वाहनों के लिए एक शोरूम और सर्विस सेंटर संचालित करता है।

### विवाद में की मारपीट

**रतलाम।** बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुरा निवासी दुदा बाई पति वरसिंह मईडा का जीवणा पिता भाणजी देवदा निवासी कुंदीनाका का विवाद हो गया। विवाद में जीवणा ने दुदा के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने के प्रकरण दर्ज किया।

## अनुष्ठान से आत्म शक्ति जागृत होती : डॉ संयमलता मसा

**रतलाम।** जिस प्रकार मग्र के भीतर कस्तूरी छिपी होती है उसी प्रकार सर्वग्यता ओर पूर्ण अनुभूति प्रत्येक आत्मा मे निहित है, केवल उसे जाग्रत करने की आवश्यकता है। उक्त विचार डॉ. संयमलता मसा ने भगवान मुनि सुव्रत स्वामी के नाम के मंत्रो का उच्चारण अनुष्ठान के अंतर्गत आयोजित धर्मसभा में किए। उन्होंने कहा कि अनुष्ठान का सही विश्वास ओर आत्म शक्ति को जागृत करने का एक अद्भुत तरीका बताया। जो परिवार के सदस्यो ओर स्वयं को छोटी मोटी परेशानियों, कष्टों ओर संकटो से मुक्त रहने की शक्ति प्रदान करता है। अनुष्ठान मे डॉ. अमितप्रज्ञा, डॉ कमलप्रज्ञा, सौरभप्रज्ञा का सानिध्य मिला। लाभार्थी घेवरमल, रवि बोथरा परिवार रहे। शुक्रवार पार्श्व पद्मावती एकासन का लाभ चन्द्रप्रभादेवी कल्याणमल भटेवरा परिवार के राजेश, नीलेश मनीष भटेवरा परिवार ने लिया। रविवार को गुरु आनन्द केवल जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 1008 सजोड़े अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। सम्पूर्ण लाभ पन्नालाल भरत कुमार कोठारी परिवार बैंगलोर वाले ने लिया है।

## नागपंचमी पर तीन दिवसीय महोत्सव

**रतलाम।** शहर के स्नेह नगर स्थित शक्ति वासुकी धाम पर तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन होगा। इसके दौरान यहां विभिन्न आयोजन भी होंगे।



श्रावण मास मे नाग पंचमी पर्व पर 27 से ,28, 29 जुलाई तक शिव शक्ति वासुकी धाम, स्नेह नगर 80 फीट रोड पर तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 27 जुलाई को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा का आयोजन संस्कार ऋषि दिनेश व्यास घटवास के मुख्य सानिध्य ने निकाली जाएगी। उसी दिन रात्रि मे 7.30 बजे से रात्रि कीर्तन आयोजित किया गया है। अगले दिन 28 जुलाई को प्रातः 8 बजे सहास्त्र धारा अभिषेक ओर रात्रि में 8 बजे सुंदरकांड का आयोजन होगा। 29 जुलाई को नाग पंचमी के दिन बॉम्बी पूजन प्रातः 8 बजे, यज्ञ प्रातः 11 बजे से। पूर्णाहुति दोपहर 4 बजे ओर महाआरती व भंडारा 5 बजे से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीमती चेतना पाटीदार, आदित्य डागा, हेमंत मूणत, भगवती शंकर रावल, प्रदीप रस्से, अलोक सिंह पवार, सत्यनारायण राठौड़, मांगीलाल पांडे, हेमंत बैरागी, रजत सिंह पवार, करण पाटीदार ने सभी गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ ले।

### पारिवारिक विवाद में पत्नी से की मारपीट

**रतलाम।** डीडी नगर थाना क्षेत्र के ग्राम पलसोडी निवासी अनिता का पारिवारीक विवादों को लेकर पति आसाराम गामड ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर तीन विशेषज्ञ चिकित्सा देंगे सेवाएं

**रतलाम।** जिले में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में यूपीएचसी दिलीप नगर, यूपीएचसी गणेश नगर, यूपीएचसी हाकिमवाड़ा, यूपीएससी टीआईटी रोड, यूपीएचसी जावरा संचालित है।

जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर राजेश बाथम ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति के निर्देश दिए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि रतलाम के शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के लिए डॉ आनंद चंदेलकर मेडिकल विशेषज्ञ, डॉ निर्मल जैन मनोरोग विशेषज्ञ, डॉ पी विलियम स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की गई है। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर रोटेशन आधार पर प्रात 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सेवाएं प्रदान की जाएगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केदो में 15 विजिट प्रतिमाह एक विशेषज्ञ चिकित्सक की अधिकतम चार विजिट प्रति संस्था के आधार पर सेवाएं दी जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसर ने बताया कि शहरी क्षेत्र में वर्तमान में शिशु रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, ई एन टी विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ चिकित्सको की विभाग को आवश्यकता है।

**इस दिन मिलेगी इनकी सेवाएं**

डॉक्टर निर्मल जैन मानसिक रोग चिकित्सक द्वारा माह के चार सोमवार को टी आई टी रोड, माह के चार बुधवार को दिलीप नगर, माह के चार गुरुवार को गणेश नगर, वहां के चार शनिवार को हाकीमवाडा स्वास्थ्य केंद्रों पर सेवाएं प्रदान की जाएगी। वहीं डॉ आनंद चंदेलकर मेडिकल विशेषज्ञ द्वारा माह के चार सोमवार को दिलीप नगर, चार बुधवार को गणेश नगर, गुरुवार को हाकिमवाडा, शनिवार को टी आई टी रोड स्वास्थ्य केंद्र पर सेवाएं दी जाएंगी।

## नामांतरण और प्रमाण पत्र होने के बाद भी नही मिल रहा आवास योजना का लाभ

***दसेड़ा ने नगरीय प्रशासन एवं प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना मिशन डायरेक्टर को लिखा पत्र-***

**जावरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना भाग 2 में जावरा सहित मध्यप्रदेश में हजारों हितग्राही जिनके पास पैतृक मकान है। नगरपालिका में नामांतरण है, वर्षो से मकान का टेक्स भर रहे हैं, नगर पालिका राजस्व विभाग से जारी मकान प्रमाण पत्र भी है, जिससे रजिस्ट्री भी हो रही लेकिन दुर्भाग्य है की ऐसे पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना भाग 2 में योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उक्त संदर्भ में पुर्व नपाध्यक्ष अनिल दसेड़ा ने 7 जुलाई को नगरीय प्रशासन एवं आवास योजना मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, डॉ परीक्षित संजय राव झाड़े मिशन डायरेक्टर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना



भोपाल को पत्र के माध्यम से अवगत कराया था। लेकिन 15 दिवस में भी कोई उचित हल नहीं निकलने पर मंगलवार को पुन भोपाल जाकर कैलाश विजयवर्गीय एवं आवास विभाग मंत्री संकेत भोंडवे, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग डॉ परीक्षित मिशन डायरेक्टर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना भोपाल से सभी के ऑफिस पर मुलाकात कर प्रधानमंत्री आवास योजना भाग 2 नियमावली कंडिका 319 में स्पष्ट निर्देश है की जिस व्यक्ति के पास रजिस्ट्री, पट्टा, भू, अधिकार पत्र या भूमि स्वामी संबंधी दस्तावेज जो राजस्व विभाग द्वारा मान्य पैतृक संपति की स्थिति में राजस्व विभाग ने नामांतरण मान्य होगा ऐसे सभी हितग्राहियों को आवास योजना भाग 2 में पात्र माना गया। लेकिन जावरा सहित प्रदेश में हजारों हितग्राही आवास योजना भाग 2 नियमावली कंडिका 319 के तहत पात्र होने के बावजूद उनको आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। दसेड़ा ने नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्री विजयवर्गिय एवं मिशन डायरेक्टर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के डॉ परीक्षित से निवेदन किया की प्रधानमंत्री आवास योजना भाग 2 नियमावली कंडिका 319 के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास योजना भाग 2 का लाभ देने के निर्देश मध्यप्रदेश के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को जारी करे।

**आक्रोश** | **हरियाली अमावस्या पर किया आयोजन-**

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लायंस ने शिशु मंदिर में रोपे 51 पौधे

**जावरा।** लायंस क्लब अपनी सेवाएं गतिविधि में अग्रसर होते हुए श्रावण मास के पवित्र माह में हरियाली अमावस्या के मौके पर सरस्वती शिशु मंदिर पुरम पहाड़िया रोड में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 51 पौधो का रोपण किया। कार्यक्रम के पूर्व विद्यालय परिवार में मां शारदा और भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीपक प्रज्जविलत किया। फिर विद्यालय परिवार द्वारा अध्यक्ष यश जैन एवं पर्यावरण समिति अध्यक्ष राजेश धाकड़ का स्वागत तिलक एवं केसरिया दुपट्टे से किया। विद्यालय के बच्चों के द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर नाट्य मंचन किया। उसके पश्चात स्वागत भाषण विद्यालय प्राचार्य रेणुबाला भट्ट ने दिया और विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के



साथ-साथ अपने समाज के प्रति दायित्व के लिए भी शिक्षा दी जाती है। प्राचार्य ने क्लब की इस अभियान की तारीफ करते हुए क्लब के सेवा कार्यो के लिए बधाई दी। इसके बाद सभी बच्चों के साथ मैदान में सुरक्षित स्थानों पर 51 नए पौधों का रोपण किया। जिसमें पूर्व अध्यक्ष पवन मोदी, घनश्याम रामनानी, राकेश कोचट्टा, शेखर नाहर, शरद डूंगरवाल, देवेंद्र शर्मा नियति, अर्पित चतर, विजय राठौड़, अजय चौरसिया, कमल सारड़ा, प्रकाश अरोड़ा विद्यालय के प्राचार्य रेणुबाला भट्टद्व विद्यालय समिति के तन्मय सोनी, राधेश्याम पोरवाल, बंसीलाल पोरवाल, हेमंत जोशी, दीपक पोरवाल आदि साथी उपस्थित थे।

**पृथ्वी हमारा घर है, इसे साफ रखना हमारी जिम्मेदारी-**

इस मौके पर अध्यक्ष यश जैन ने कहा पर्यावरण वह है जिसमें हम रहते हैं सांस लेते हैं खेलते हैं और बड़े होते है। इसमें पेड़ पौधे नदिया पहाड़ बहुत कुछ शामिल है। यह सब हमें जीवन देता है और हमें स्वस्थ रखता है। यह पृथ्वी हमारा घर है और इसे साफ सुरक्षित रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जब हम पर्यावरण का ध्यान रखेंगे तो पर्यावरण भी हमारा ध्यान रखेगा। आज से सभी एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल होकर एक-एक पौधा सुरक्षित स्थान पर लगाने के संकल्प लेकर पर्यावरण सिपाही बने। जैन ने बच्चों को नेत्र की सुरक्षा के लिए मोबाइल के सदुपयोग हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए नेत्रों की भविष्य में होने वाली परेशानी से बचने के लिए समय-समय पर नेत्र परीक्षण करने की सलाह दी और पर्यावरण बचाने के लिए पेड़ लगाने के साथ ही प्लास्टिक के उपयोग से बचने और पानी का सही उपयोग कर जल संरक्षण की जानकारी से अवगत कराया। आभार सचिव अशोक चोपड़ा ने माना।